# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),
निकट टोल प्लाजा, मड़वानगर, बस्ती-272002
ई-मेल: eeupjnruralbasti@gmail..com

पत्रांक 543 / on-3 /59 — दिनांक 05/08/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
बस्ती।

विषय:- **दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित दिनांक 02.08.2026 को प्रकाशित "बस्ती में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन बिछी:4 साल बाद भी टंकी नहीं बनी, ग्रामीण शुद्ध जल को तरसे" शीर्षक के नकारात्मक क्लीपिंग/ निस्तारण के सम्बन्ध में।**

महोदया,

उपरोक्त दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित दिनांक 02.08.2026 को प्रकाशित "बस्ती में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन बिछी:4 साल बाद भी टंकी नहीं बनी, ग्रामीण शुद्ध जल को तरसे" शीर्षक के नकारात्मक क्लीपिंग का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें जिसकी आख्या निम्नवत् है-

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| बस्ती जिले के बनकटी ब्लॉक स्थित नेवाड़ी ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन योजना अधर में लटकी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए चार साल पहले पाइपलाइन बिछाई गई थी, लेकिन अब तक पानी की टंकी का निर्माण नहीं हो पाया है। सरकार की 'हर घर शुद्ध जल' योजना का लक्ष्य प्रत्येक गांव में पानी की टंकी लगाकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। पाइपलाइन बिछने के बाद ग्रामीणों में शुद्ध जल मिलने की उम्मीद जगी थी, लेकिन अब उन्हें निराशा हाथ लगी है। गांव में जगह-जगह पाइप खुले में पड़े हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान अखिलेश शुक्ला इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। पानी की टंकी के निर्माण में देरी को लेकर उनसे संपर्क करने पर उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जल निगम के अधिकारी भी टंकी निर्माण में देरी का कोई स्पष्ट कारण नहीं बता रहे हैं। शुद्ध जल न मिलने के कारण ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। वे अभी भी उस दिन का इंतजार कर रहे हैं, जब उन्हें नल से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो पाएगा। | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि नेवाड़ी पेयजल योजना जल जीवन मिशन फेज-III के अन्तर्गत स्वीकृत है। उक्त योजना पर बोर कराया जा चुका है। बाउन्ड्रीवाल तीन तरफ बनाई जा चुकी है। शिरपरि जलाशय धरातल तक बनाया जा चुका है। पाईप लाईन का विस्तार भी लगभग 50 प्रतिशत तक पूर्ण कराया जा चुका है। विगत एक वर्ष से अधिक समय से योजना पर धनावंटन न होने के कारण प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है। योजना पर तीव्र गति से कार्य कराये जाने हेतु फर्म को कड़े निर्देश दिये गये है।<br>सादर सूचनार्थ प्रेषित। |



भवदीय

(एस रहमान)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० तथा दिनांक तदैव:-

**प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1) अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2) मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3) मुख्य अभियन्ता(गो०क्षे०), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
4) अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), बस्ती।

अधिशासी अभियन्ता